# डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)

डॉ. शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
विद्ययाऽमृतमश्नुते
कर्णप्रयाग (चमोली) उत्तराखण्ड

# “ समाचार पत्रों की नजर में ”






संकलनकर्ता–
डा.आर.सी भट्ट
मीडिया प्रभारी

# प्रो. केएल तलवाड़ ने प्राचार्य का पदभार किया ग्रहण

संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग : प्रो. केएल तलवाड़ ने डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने, छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा नैक टीम महाविद्यालय आएगी, सभी विभाग अपने स्तर से तैयारी पूरी रखें।

प्राचार्य प्रो. तलवाड़ ने कहा कि वे कर्णप्रयाग महाविद्यालय में अपने पिता स्व. साईं दास तलवाड़ की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू करेंगे। जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में प्रत्येक कक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को 1100 रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, कर्मचारियों को एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में नशामुकित की सामूहिक शपथ दिलाई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

3 अगस्त 2023

# कॉलेज के मेधावी छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

कर्णप्रयाग, संवाददाता। शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर में तैनात नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन ने प्राचार्य प्रो. तलवाड़ का स्वागत किया। साथ ही प्रो. तलवाड़ ने एंटी ड्रग सेल की बैठक लेकर शपथ दिलाते हुए महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने स्व. पिता की स्मृति में छात्रवृत्ति देने का ऐलान किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. तलवाड़ ने कहा कि महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार करना उनका लक्ष्य है। साथ ही नैक टीम के आगामी दौरे के लिए सभी विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिए।

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संपादित पुस्तक का प्राचार्य ने किया विमोचन



**हरि न्यूज संवाददाता**

कर्णप्रयाग। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग,(चमोली) में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों डा.रविन्द्र कुमार, डा.राजेश कुमार, प्राध्यापक नेतराम व डा.हरीश चंद्र रतूड़ी द्वारा संपादित पुस्तक ष्ग्राहक संबंध प्रबंधनष (रुझान एवं नवाचार) का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के.एल. तलवाड़ द्वारा किया गया ष आई. एस.बी.एन. से युक्त इस पुस्तक में 32 लेखों को संकलित किया गया है।टेलीकॉम इंडस्ट्रीज, प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट, विद्युत वितरण, ऑनलाइन बैंकिंग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन विषय से जुड़े लेखों के माध्यम से पाठकों को अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्राचार्य ने वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों को इस लेखन और संकलन कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में सुश्री हिना नौटियाल, विजय कुमार व दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्राहक संबंध प्रबंधन पुस्तक का विमोचन

- प्राचार्य प्रोफेसर केएल तलवाड़ ने किया विमोचन
- पुस्तक में 32 लेखों को किया गया है संकलित

संवाद सूत्र, कर्णप्रयागः डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग, (चमोली) में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों डा. रविन्द्र कुमार, डा. राजेश कुमार, प्राध्यापक नेतराम व डा.हरीश चंद्र रतूड़ी द्वारा संपादित पुस्तक "ग्राहक संबंध प्रबंधन" (रुझान एवं नवाचार) का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के.एल. तलवाड़ की ओर से किया गया।

इस पुस्तक में 32 लेखों को संकलित किया है, जिसमें टेलीकाम इंडस्ट्रीज, प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट, विद्युत वितरण, आनलाइन बैंकिंग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन विषय से जुड़े लेखों के माध्यम से पाठकों को अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्राचार्य ने वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों को इस लेखन और संकलन कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में सुश्री हिना नौटियाल, विजय कुमार व दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

**दैनिक बुलन्द वाणी**

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संपादित पुस्तक का प्राचार्य ने किया विमोचन



चमोली, कर्णप्रयाग। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग,(चमोली) में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों डा.रविन्द्र कुमार, डा.राजेश कुमार, प्राध्यापक नेतराम व डा.हरीश चंद्र रतूड़ी द्वारा संपादित पुस्तक ग्राहक संबंध प्रबंधन (रुझान एवं नवाचार) का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के.एल. तलवाड़ द्वारा किया गया क आई.एस.बी.एन. से युक्त इस पुस्तक में 32 लेखों को संकलित किया गया है। टेलीकॉम इंडस्ट्रीज, प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट, विद्युत वितरण, ऑनलाइन बैंकिंग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन विषय से जुड़े लेखों के माध्यम से पाठकों को अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्राचार्य ने वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों को इस लेखन और संकलन कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में सुश्री हिना नौटियाल, विजय कुमार व दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

– संजय राजपूत

10 अगस्त 2023 दैनिक बुलन्द वाणी

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित



बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) की टीम द्वारा भौतिक निरीक्षण निकट भविष्य में प्रस्तावित है। प्राचार्य प्रो. के.एल तलवाड़ ने महाविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। बताया कि नैक के निरीक्षण के लिए समस्त विभागों व समितियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान पीटीए, एल्युमिनाई एसोसिएशन सहित सभी हितधारकों का पूर्ण सहयोग लिया जायेगा। महाविद्यालय के आगामी 6 महीनों के रोड मैप पर बात करते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया जायेगा। स्व. साईं दास मेधावी छात्रवृत्ति के अंतर्गत 15 टॉपर्स को 1100 रू. की नकद धनराशि दी जायेगी। नांदी फाउंडेशन द्वारा महिन्द्रा प्राइड क्लासेज के अंतर्गत 40 छात्राओं को कौशल विकास का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। महाविद्यालय में 'यूथ रेडक्रास इकाई' व 'चुनावी साक्षरता क्लब' का गठन किया जायेगा। 21 नवंबर को महाविद्यालय के 45 वें स्थापना दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन होगा। महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन एवं विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगितात्मक वातावरण का सृजन उनकी प्राथमिकता में शामिल है। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी डा.आर.सी.भट्ट व वरिष्ठ प्राध्यापक डा.एम.एस.कंडारी आदि मौजूद रहे।

# कर्णप्रयाग पीजी कॉलेज के टॉपरों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**कर्णप्रयाग, संवाददाता।** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रबंधन ने अपना 45वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने मामले में महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए मामले में तैयारियां करने की बात कही। साथ ही महाविद्यालय के सभी संकायों के 15 टॉपरों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और 1100 रुपये की नकद धनराशि देकर छात्रवृत्ति देने की बात भी कही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने महाविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने के लिए छात्रवृत्ति दिए जाने की तैयारी हो रही है। वहीं नैक टीम के निरीक्षण के लिए सभी विभाग तैयारी कर रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि स्नातक स्तर पर व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर विभाग और शासन से वार्ता की जाएगी। साथ ही महाविद्यालय में इग्नू पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवेदन किया गया है। इस मौके पर महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य भुवन नौटियाल, भगवती प्रसाद थपलियाल, डा. एमएस कंडारी, डा. आरसी भट्ट आदि मौजूद थे।

# 15 छात्र-छात्राओं को मिलेगी मेधावी छात्रवृत्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**कर्णप्रयाग।** पीजी कर्णप्रयाग में स्व. साईं दास मेधावी छात्रवृति के तहत सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के 15 छात्र-छात्राओं को 1100 रुपये नकद, मेडल दिए जाएंगे।

यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड ने कहा कि कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगितात्मक वातावरण सृजन करना प्राथमिकता होगी। साथ ही नांदी फाउंडेशन की ओर से महिंद्रा प्राइड क्लासेज के तहत कौशल विकास का एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मेधावियों को दिया जाएगा कौशल विकास प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि 21 नवंबर को महाविद्यालय का 45वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बंगलुरू) की पीयर टीम का महाविद्यालय में निरीक्षण होगा। महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम होगा। इस मौके पर डॉ. एमएस कंडारी, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. वाईसी नैनवाल, डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ चंद्रमोहन जंस्वाण, डॉ. हिना नौटियाल, डॉ. कविता पाठक आदि मौजूद थे।

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर दी गई अनेक जानकारियां

बुलन्द वाणी ●संजय राजपूत



**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विषय में एवं नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम के विषय में समग्र जानकारी दी जा सके । कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने अपने संबोधन में महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जानकारी दी। एनएसएस, एनसीसी,गर्ल्स कॉमन रूम,कॅरिअर काउंसलिंग, पुस्तकालय, वाचनालय, यूनिफॉरम, वार्षिक पत्रिका, क्रीड़ा समारोह,एंटी रेगिंग सैल आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे जिसमें विज्ञान संकाय, कला संकाय के सभी प्राध्यापक एवं वाणिज्य संकाय के सभी प्राध्यापकों ने अपने विभाग से संबंधित जानकारियां नए छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई। इस कार्यक्रम में डॉ. आर.सी. भट्ट, डॉ. एम. एस. कंडारी, डा. पंकज, डा. कीर्तिराम डंगवाल, डा. हरीश बहुगुणा आदि सहित बड़ी संख्या में बीए व बीकाम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रेशित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# शिवानंद नौटियाल कालेज में अभिरुचि परख कार्यक्रम

**संवाद सूत्र, कर्णप्रयाग:** शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में शिक्षण सत्र 2023-24 में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीकाम के प्रवेशार्थी सहित अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए कालेज में दो दिवसीय अभिरुचि परख कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने बताया कि स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले छात्र एनएसएस, एनसीसी में भी भाग ले सकते हैं। डा. हरीश बहुगुणा ने नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. पंकज कुमार यादव ने किया। इस दौरान डा. एमएस कंडारी, डा. इंद्रेश पांडेय, डा. रूपेश कुमार श्रीवास्तव, डा. वाईसी नैनवाल, डा. आरसी भट्ट, डा. कविता पाठक, डा. शीतल देशवाल आदि मौजूद रहे।

# कर्णप्रयाग कालेज के भूगोल विभाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को दी विदाई

**बुलन्द वाणी/संजय राजपूत**



**चमोली, कर्णप्रयाग।** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे चन्द्रयान की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।भूगोल विभाग में हुए कार्यक्रम में एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं की विदाई के लिए समारोह आयोजित किया गया।जिसमें छात्र-छात्रा गुलशन ,करीना ,राखी व हसीना ने अपने दो साल के अनुभव बताये ।साथ ही उनके द्वारा भूगोल विषय में किए लघु शोध रिपोर्ट को भी कार्यक्रम में रखा गया।जिसमें छात्र गुलशन द्वारा जोशीमठ आपदा पर अपना लघु शोध कार्य, छात्रा करीना भोटिया जनजाति के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का अध्ययन, राखी द्वारा वनाग्नि से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव एवं हसीना द्वारा ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं पर अध्ययन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के. एल. तलवाड़ का भूगोल विभाग द्वारा स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। प्राचार्य द्वारा एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे डॉ. एम एस. कण्डारी, डॉ. भूगोल विभाग प्रभारी डॉ.तौफिक अहमद, डॉ. वाई.सी. नैनवाल, डॉ. आर.सी. भट्ट, डॉ. हरीश चन्द्र रतूड़ी,डॉ. राधा रावत, डॉ. नेतराम, डॉ. नेहा तिवारी पाण्डेय, डॉ. नरेंद्र पंघाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती मीना रियाल, श्री जे. एस .रावत, मुकेश कण्डारी, शुभम रावत, सहित एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल विषय के समस्त छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे। समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दी गयी।

# समारोह में शोध किए प्रस्तुत

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र गुलशन ने जोशीमठ आपदा पर अपना लघु शोध, करीना ने भोटिया जनजाति के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का अध्ययन, राखी ने वनाग्नि से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव, हसीना ने ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं पर अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मौके पर प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़, डॉ. एमएस कंडारी, डॉ. तौफिक अहमद, डॉ. वाईसी नैनवाल, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. हरीश रतूडी, डॉ. राधा रावत, डॉ. नेतराम, डॉ. नेहा आदि मौजूद रहे। संवाद

16 अगस्त 2023 **दैनिक बुलन्द वाणी**

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र हुए सम्मानित



**बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में स्वतन्त्रता दिवस समारोह के अवसर पर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व.भजन सिंह तोपाल के पुत्र अध्यापक गोविंद सिंह तोपाल को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने झंडारोहण कार्यक्रम के पश्चात ऑडिटोरियम में गोविंद सिंह तोपवाल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्मृति चिन्ह, श्रीफल के साथ नकद राशि भेंट स्वरूप दी गई। उल्लेखनीय है कि जनपद चमोली के कनखुल ग्रामवासी भजन सिंह तोपाल ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आजाद हिंद फौज में शामिल होकर अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया था। प्राचार्य ने कहा कि शहीदों के परिजनों का सम्मान अमर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डा.राधा रावत के निर्देशन में छात्राओं ने देशभक्ति समूहगान प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का संचालन समारोहक डा.आर.सी.भट्ट ने किया। इस अवसर पर डा.मानवीरेन्द्र कंडारी, डा.डी.एस.राणा, डा.अखिलेश कुकरेती, डा.के.आर.डंगवाल, डा.हरीश रतूड़ी, डा.चन्द्रावती टम्टा, डा.कविता पाठक, डा.सत्यराज सिंह, डा.हरीश बहुगुणा, डा.रूपेश श्रीवास्तव, डा.स्वाति सुन्द्रियाल, डा.हिना नौटियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मीना रयाल, जे.एस. रावत, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष नेगी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**बुलंदवाणी 17 अगस्त 2023**

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया देशभक्ति का जज्बा



**बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डा० शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग के एनसीसी कैडेटों एवं छात्र/ छात्राओं द्वारा देश भक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट के दौरान एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० के० एल० तलवाड़ एवं एनसीसी प्रभारी डा० वाई० सी० नैनवाल को सलामी दी गई। मार्च पास्ट के बाद सभागार में एनसीसी कैडेटों द्वारा देश भक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समूह गान, एकल गान एवं नाटक प्रस्तुत किये गए।

डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर

महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली) में



स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन

# पीजी कालेज कर्णप्रयाग में भौतिक विज्ञान विभाग की चार्ट प्रतियोगिता में खुशनुमा रही अव्वल

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत




**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा. शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को भौतिक विज्ञान विभाग में प्रयोगात्मक परीक्षा एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत भौतिक विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न चार्ट के माध्यम से भौतिक विज्ञान की वैज्ञानिक खोजों के बारे में विस्तृत रूप से अपने विचार साझा करके उन्हें भली-भांति समझाया। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में डा. तुषार कंडारी तथा विभाग प्रभारी डा. एम. एस. कंडारी,प्राध्यापक कमल किशोर द्विवेदी, जितेंद्र सिंह एवं पवन सिंह, हरेंद्र पवार उपस्थित रहे। चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशनुमा नेहा बीएससी सेकंड सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर तनीषा नेगी व वेदिका तृतीय स्थान पर वंदना रही। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवसर मिलने पर ही प्रतिभाएं निखरती हैं इसलिए विभाग की सभी गतिविधियों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए।

## दैनिक जागरण 25-08-2023

# चार्ट प्रतियोगिता में नेहा और खुशनुमा रही प्रथम

**कर्णप्रयाग :** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकी प्रयोगात्मक परीक्षा एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार्ट प्रतियोगिता में खुशनुमा और नेहा प्रथम, तनीषा नेगी व वेदिका द्वितीय जबकि वंदना तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर डा. तुषार कंडारी, डा. एमएस कंडारी, कमल किशोर द्विवेदी, जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। (संसू)

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
24-अगस्त-2023 संजय कुमार राजपूत






# डॉ शिवानंद महाविद्यालय कर्णप्रयाग में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर किया गया दवा का वितरण।

चमोली, कर्णप्रयाग। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को दवा वितरित की गई। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चंद्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डा.हिना नौटियाल व डा.चंद्रमोहन जनस्वाण के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग कर्णप्रयाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजाल वितरित की गई। जंतु विज्ञान के प्रोफेसर डा.दिगम्बर सिंह राणा ने कृमि पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि दवा वितरण का उद्देश्य 19 वर्ष तक की आयु के सभी किशोर-किशोरियों में कृमि मुक्ति सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।एक निर्धारित अंतराल में दवा के सेवन से खून की कमी पर नियंत्रण, एकाग्रता,प्रतिरोधक क्षमता और शरीर में पौष्टिक तत्वों में वृद्धि होती है।प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ युवा ही देश की प्रगति के आधार हैं।केंद्र और राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयां अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम में लगभग सात सौ विद्यार्थियों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डा. कविता पाठक ने भी कृमि मुक्ति हेतु उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा.चंद्रमोहन जनस्वाण ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी,छात्र-छात्राएं व छात्र संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर खिलाई गई दवा

संवाद सूत्र,कर्णप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड कर्णप्रयाग के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं सहित आंगनबाडी केन्द्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर 16528 बच्चों को गोली खिलाई गई साथ ही जागरूकता अभियान कर बच्चों को आवश्यक रूप से कृमि दवा लेने की जानकारी दी गई ।उपजिला चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डा.हरीश थपलियाल ने कहा अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य कर्मचारी जुटे रहे। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मूक्त दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को दवा वितरित की गई। प्राचार्य प्रो.केएल.तलवाड़ ने कहा कि स्वस्थ युवा ही देश की प्रगति के आधार हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

# कर्णप्रयाग कालेज में प्राचार्य ने समिति के साथ किया नवनिर्मित पीजी ब्लाक का निरीक्षण



**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य व आंतरिक समिति ने नवनिर्मित पीजी ब्लाक का संयुक्त निरीक्षण किया। सोमवार को प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ एवं महाविद्यालय की भूमि-भवन, निर्माण व रख-रखाव समिति के सदस्यों डा.मानवीरेन्द्र सिंह कंडारी, डा.वाई.सी.नैनवाल व जगदीश सिंह रावत ने स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के वर्कर्स को विद्युत सुरक्षा उपायों,रैलिंग एवं अन्य कमियों को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य ने बताया कि निकट भविष्य में महाविद्यालय का नैक(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद)का निरीक्षण होना है और इससे पूर्व पीजी ब्लाक का महाविद्यालय को हस्तांतरण होना आवश्यक है। पीजी ब्लाक के हस्तांतरण से महाविद्यालय में कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ शोध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## प्राचार्य ने लिया जायजा

**कर्णप्रयाग :** डा .शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग चमोली में प्राचार्य व आंतरिक समिति ने नवनिर्मित स्नाकोत्तर भवन का जायजा लिया। प्राचार्य प्रो .केएल .तलवाड़ एवं महाविद्यालय की भूमि–भवन, निर्माण व रख–रखाव समिति के सदस्यों डा .मनविरेन्द्र सिंह कंडारी, डा .वाईसी .नैनवाल व जगदीश सिंह रावत ने स्थलीय निरीक्षण कर भवन निर्माण संबंधी जानकारी ली, कार्यदायी संस्था के वर्कर्स को विद्युत सुरक्षा उपायों,रैलिंग एवं अन्य कमियों को ठीक करने के निर्देश दिए गए।

# कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर्णप्रयाग कालेज में की गई करिअर काउंसिलिंग



**बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा० शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में करिअर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की गई। क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी से आये विषय विशेषज्ञों श्रीमती ऊषा एवं पंकज कण्डारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे किस प्रकार से कम्प्यूटर के ज्ञान को अर्जित कर अपने जीवन में उत्तम करिअर का निर्माण कर सकते हैं।

महाविद्यालय करिअर काउंसलिंग समिति के संयोजक डा. वाई. सी. नैनवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि कम्प्यूटर ज्ञान द्वारा सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में करिअर निर्माण की अपार सम्भावनायें हैं। करिअर काउंसलिंग समिति के सदस्य डा.कविता पाठक, डा. हरीशचन्द्र रतूड़ी, डा.कीर्तिराम डंगवाल,डा. विजय कुमार, डा. शालिनी सैनी, डा.दिशा शर्मा व डा. नेतराम ने भी करिअर के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. के.एल. तलवाड़ ने क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी से आये विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस डिजिटल युग में अवश्य ही लाभ मिलेगा। काउंसिलिंग के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।


RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

26-अगस्त-2023


संजय कुमार राजपूत







# भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत पी.जी. कालेज कर्णप्रयाग में हुआ 'युवा टूरिज्म क्लब' का गठन।

चमोली, कर्णप्रयाग। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत कर्णप्रयाग महाविद्यालय में 'युवा टूरिज्म क्लब' का पंजीकरण किया गया है। महाविद्यालय को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया है। प्राचार्य प्रो.के.एल. तलवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 'युवा टूरिज्म क्लब' के संयोजक का दायित्व डा. एम.एल. शर्मा को दिया गया है। सह संयोजक के रूप में प्राध्यापक कीर्तिराम डंगवाल और डा.मृगांक मलासी को क्लब में सम्मिलित किया गया है। क्लब के संयोजक डा.शर्मा के अनुसार इस क्लब के माध्यम से जनपद चमोली में पर्यटन स्थलों से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।